पाठ 5. सरपट दौड़ी मेरी गाड़ी (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में विवेचनात्मक सोच संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे अपने अनुभवों का सकारात्मक मूल्यांकन कर सकें। इंजन से चलने वाले वाहन पेट्रोल-डीजल के इस्तेमाल होने से जो ज़हरीला धुआँ छोड़ते हैं, वह सभी प्राणियों के लिए जानलेवा बीमारियों का खतरा पैदा करता है। सीएनजी एक ऐसा विकल्प है जिसे अपनाने से हवा को कुछ सीमा तक दूषित होने से बचाया जा सकता है।

अध्यापन संकेत

यह पाठ केवल पठन के लिए है। सीएनजी का पूरा नाम कंप्रेस्ड नेचुरल गैस है। इसके बारे में बताएँ कि यह गैस प्रदूषणरहित होती है। दिल्ली जैसे शहर में डीटीसी की बसें सीएनजी से ही चलती हैं, यह जानकारी दें। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रदूषण की रोकथाम क्यों आवश्यक है, इसके बारे में चर्चा करें।